## सार-समाचार

### महापुरुषों की जयंती मनाने पर चर्चा की

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के गांधी पार्क में फुले, शाहू, अंबेडकरवादी सम वैचारिक संगठन की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया की 14 अप्रैल को प्रात:8.00 बजे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर बाबा साहब के प्रति कृतज्ञता प्रकट करेंगे। इसके पश्चात कच्ची बस्ती में संगठनों द्वारा फल वितरण किए जाएंगे। फल वितरण के उपरांत काठियावाडी होटल में बाबा साहब के दर्शन पर चिंतन मनन के लिए विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 75 वर्ष के पश्चात बहुजन समाज ने क्या खोया ,क्या पाया और क्या करने की जरूरत है इस विचार विमर्श कर समाज हित में आगामी कार्य योजना बनाकर वर्ष पर्यंत कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर , अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी महासंघ ,अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी संगठन , संगठन अजाक, बहुजन क्रांति मोर्चा, बामसेफ ,भारत मुक्ति मोर्चा ,भीम आर्मी के पदाधिकारी उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाया। इसके सफल क्रियान्वयन लिए 8 अप्रैल शाम को गांधी पार्क में पुन: बैठक संयुक्त संगठनों द्वारा आयोजित की जाएगी । जिसमें सभी अंबेडकर विचारधारा के संगठन और महानुभाव सादर आमंत्रित हैं। बैठक में एम एल मारू जिला अध्यक्ष अजाक, संदीप सूर्याल जिला अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर, तोलाराम फासरिया महासचिव समन्वयक बामसेफ , खेताराम सरतरा भीमाराम माकरोडा चुन्नीलाल कडेला पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर मंछाराम मडिया प्रदेश उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### नर्सिंग सभागार में स्वास्थ्य दिवस मनाया

**जालोर**, (कासं)। जालोर के नर्सिंग सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिला नर्सिंग छात्र संगठन जालोर के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेघवाल ने बताया कि इस वर्ष 2025 का स्वास्थ्य दिवस की थीम स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य है, हर साल वर्ल्ड हेल्थ डे को मनाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन एक खास थीम निर्धारित करता है, यह थीम उस समय की सबसे बडी स्वास्थ्य चुनौती को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि सभी लोगों को चाहे वह किसी भी देश, जाति, धर्म या आर्थिक वर्ग से हो उसे स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार मिले। इस साल विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम- स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य है रखी गई है। यह थीम माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है। जिसका उद्देश्य प्रेगनेंसी, डिलीवरी और पोस्टपार्टम केयर के समय उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं की जरूरतों पर जोर देना है, जिलाध्यक्ष मेघवाल ने आगे बताया कि दुनिया भर में हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। वर्ल्ड हेल्थ डे 2025 को मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करके बेहतर जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। विश्व स्वास्थ्य दिवस स्वास्थ्य और सेहत से जुडी महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करने, समाधान सुझाने और जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर जिलासचिव सतीश , आहोर अध्यक्ष संजय सिंघल, यशवर्धन खण्डप ,यशवंत मोंटू , सवाई सिंह कैलाश मांडवला , सिमरन, योगिता, दिनेश राजपुरोहित, ओमप्रकाश, आर्य, राहुल दवे , अरविंद फैंसी मीना सहित समस्त नर्सेज उपस्थित रहे।

### वूशु खिलाड़ियों ने तीन पदक जीते

**जालोर**, (कासं)। भारतीय खेल प्राधिकरण व भारतीय वूशु संघ के तत्वावधान में आयोजित खेलो इण्डिया राष्ट्रीय महिला वूशु प्रतियोगिता में जालोर की खिलाड़ियों ने दो सिल्वर, एक कांस्य सहित कुल तीन पदक जीतकर जिले को गौरव प्रदान किया। जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी में 2 से 7 अप्रैल तक आयोजित हुई अस्मिता खेलो इण्डिया राष्ट्रीय महिला वूशु प्रतियोगिता में खुशी पुत्री सुरेश कुमार शर्मा ने 48 किलो वजनवर्ग में रजत पदक व सुनीता पुत्री नाथुराम चौधरी ने 60 किलो वजनवर्ग में रजत पदक जीता। मित्तल पुत्री रमेश कुमार ने 27 किलो वजन वर्ग में कांस्य पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया है। जालोर के पदक विजेताओं की उपलब्धि पर राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, अंतर्राष्ट्रीय वूशु कोच राजेश कुमार टेलर, महासचिव ममता वर्मा,जिला वूशु संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य, राजस्थान आर्य वीर दल के अधिष्ठाता विनोद आर्य,आर्य वीर दल जालोर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार,संचालक प्रशांत सिंह,पूर्व संचालक छगन आर्य,पूर्व पार्षद भरत मेघवाल,शाखा नायक गणपतलाल आर्य, मोहनलाल आर्य, छगननाथ, कांतिलाल आर्य,जगदीश आर्य,वरुण शर्मा, वूशु निर्णायक ललित कुमार, जिला वूशु संघ के कोच पुष्पेंद्र परमार, देवेश आर्य, प्रितम सिंह राठौड, चिंकू देवी, प्रभु देसाई,भावेश कुमार, वूशु खिलाडियों व जिला संघ के पदाधिकारियों ने खुशी जताते हुए बधाई प्रेषित की।

### प्रभारी दशरथ शेखावत ने बैठक ली

**पोकरण**, (निसं)। भाजपा मंडल फलसूंड में 46 वें स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दशरथ सिंह शेखावत जोधपुर संभाग प्रभारी भाजपा स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम ने भाग लिया। मंडल बैठक में शेखावत ने भाजपा के 45 वर्ष के कार्यों पर संगठनात्मक चर्चा की एवं विस्तार से कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। फलसूंड भाजपा मंडल बैठक में हजारी कुमावत मंडल अध्यक्ष, रतन सिंह जोधा महामंत्री, रेंवत सिंह राजपुरोहित मंडल अध्यक्ष भाजयुमो, प्रभुराम कुमावत मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, नरपत सिंह भाटी दांतल मंडल उपाध्यक्ष,भीमाराम, राणाराम सुथार मंडल मंत्री, सत्यनारायण गौतम, सवाई कुमावत,मनोहर सिंह जोधा, पेपसिंह पोकरणा, मदन सिंह खुमानसर, नरपत पीडयिार, तेजाराम कुमावत, राज माली, कालू सिंह जोधा, शंभू सिंह सिसोदिया, तेजसिंह नारावत, मुकेश सोनी, लूणकरण राठी, नानक बंजारा, पबाराम, शंभू कुमावत,मूलाराम गर्ग, गणेश जैन,सुरेश चांडक,मदन चांडक, पप्पूराम वाल्मीकि , अर्जुन कुमावत, डाउ राम सहित कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।

### वार्षिकोत्सव के पोस्टर का विमोचन

**धोरीमन्ना**, (निसं)। विद्या भारती की ओर से संचालित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक धोरीमना में सोमवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का पोस्टर विमोचित किया गया। प्रधानाचार्य नारायण दास माली ने बताया कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 9 अप्रैल को सायं 8 बजे से विद्यालय परिसर में होगा। अतिथि के के विश्नोई (उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राजस्थान सरकार), डॉ. विष्णु राम विश्नोई (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाडमेर), मोटाराम गुरलिया(पूर्व सरपंच, लूखु) व कल्याण सिंह(समाजसेवी) रहेंगे। वही मुख्य वक्ता मनोहर लाल बंसल (माननीय विभाग संघ चालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बाडमेर) होंगे। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में उप समिति धोरीमन्ना के उपाध्यक्ष भीमराज सोनी, विद्यालय के निदेशक तेज सिंह चौहान, प्रधानाचार्य नारायण दास माली, आचार्य व विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### भंयकर गर्मी के चलते यलो अलर्ट जारी

**बालोतरा**, (नि.सं.)। वर्तमान में भारतीय मौसम विभाग द्वारा भंयकर गर्मी के चलते बालोतरा एवं बाड़मेर सहित कई जिलों के रहवासियों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। सहायक श्रम आयुक्त मनोज कुमार चौधरी ने सभी प्रकार के संस्थानों से माननीय दृष्टिकोण रखते हुए अपील कर कहा कि प्रोजेक्ट, कार्य पर कार्यरत कार्मिकों तथा श्रमिकों के लिए गर्मी से बचाव हेतु विशेष उपाय करें ताकि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर गर्मी का प्रभाव कम पड़े। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए कार्यस्थल पर ठंडे पेयजल की उचित व्यवस्था की जाए। कार्य के दौरान विशेष कर 11 बजे से 5 बजे तक गर्मी का असर अत्यधिक रहता है, इस दौरान व्यवस्थित रुप से छाया की व्यवस्था हो या रेस्ट दी जाए ताकि कोई कामगार बीमार ना पड़े। भयंकर गर्मी में श्रमिकों को समय पर भोजन की सुविधा मिले। श्रमिकों को नियमित विश्राम के लिए अवकाश दें, विशेष रुप से गर्मी में। उन्होंने कहा कि उनके स्वास्थ्य की देखभाल को लेकर निकटतम हॉस्पिटल से संपर्क स्थापित कर श्रमिकों को आवश्यक मेडिकल सुविधाएं प्रदान करें।

### विप्र फाउंडेशन की बैठक हुई

**रेवदर**, (निसं)। 30 अप्रैल को भगवान परशुरामजी (अक्षय तृतीया) के जन्मोत्सव पर रेवदर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन रखने का निर्णय लिया, उसकी तैयारियों के लिए श्री राम कुटिया रेवदर में विप्र फाउंडेशन ब्लॉक रेवदर की बैठक हुई। बैठक में विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री अरविन्द पुरोहित, तहसील अध्यक्ष हरिओम शर्मा, जिलाउपाध्यक्ष पुखराज पालीवाल,, रणछोड पुरोहित, देवाराम पुरोहित, जीतेन्द्र जोशी, रणजीतसिंह राजपुरोहित, राजपुरोहित सेवा संघ के अध्यक्ष सुरेश पुरोहित, कैलाश पुरोहित, आनंद वैष्णव, कैलाश पुरोहित, रमेश नागर, हीरालाल जोशी, रवि दवे , ललित जोशी सहित कई जने उपस्थित रहे।

# जालोर में अहिल्याबाई होलकर नाटक का मंचन किया



जालोर के वीरम मंच पर अहिल्याबाई होलकर पर आधारित नाटक मंचन के दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने उद्बोधन दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। वीरान हुए जालोर शहर के वीरम मंच पर लंबे समय बाद रविवार देर शाम को उमेश चौरसिया की ओर से लिखित और स्वाति अरू और अजय करण जोशी द्वारा निर्देशित नाटक लोकमाता अहिल्या बाई होलकर नाटक का मंचन हुआ ।

अहिल्या बाई की त्री शताब्दी समारोह का आयोजन इन दिनों पूरे देश में हो रहा है और इसी कडी में जालोर में संस्कार भारती व अखिल भारतीय साहित्य परिषद जालोर ने नगर परिषद जालोर के सहयोग से इसका मंचन करवाया । महाराष्ट्र के जामखेड स्थित चौंडी गांव में 31 मई 1725 को जन्मी अहिल्या बाई होल्कर 11 दिसंबर 1767 को इंदौर की शासक बनी । एक वधु से राजरानी तक एक साधारण किसान पुत्री की यात्रा कांटेदार मार्ग से गुजरी । अपने श्वसुर मल्हार राव होल्कर से उन्होंने शासन की बारीकियां सीखीं और युद्ध कलाओं में पारंगत हुई। पूरी मालवा की जागीर को उन्होंने अपनी दक्षता से संवारा सजाया और लोककल्याण की योजना को जन जन तक पहुंचाया और इसीलिए वे लोकमाता कहलाईं। मुगलों से देश के खंडित हुए मंदिरों को पुन: संरक्षित किया जीर्णोद्धार करवाया। यही नहीं सनातन संस्कृति कीं पुर्नस्थापना में उनका योगदान वंदनीय रहा। पति की मृत्यु पुत्री की मृत्यु और श्वसुर की मृत्यु के पश्चात भी वह हताश नहीं हुई । भगवान शिव उनके आराध्य देव थे और प्रत्येक राज्यादेश पर शिव की आज्ञा लिखकर ही आदेश जारी करती । अपने जीवन काल मालवा की समृद्धि के लिये उन्होंने अपनी राज्य व्यवस्था को बहुत सुचारू रूप से संभाला। सौ से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया, जिसमें प्रमुख काशी विश्वनाथ बद्रीनाथ सोमनाथ और रामेश्वरम तक शामिल हैं। अभिनव गुरुकुल जोधपुर की इस प्रस्तुति ने जालोर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध सा कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार थे और अध्यक्षता अरुण कुमार शर्मा क्षेत्रीय प्रमुख राजस्थान ने की । विशिष्ट अतिथि आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित, विपिन पाठक क्षैत्रीय संगठन मंत्री, अखिल भारतीय साहित्य परिषद थे । कार्यक्रम में जालोर के पूर्व अभिनेता एल एन भटनागर व सिरोही से संस्कार भारती की टीम आनंद मिश्रा मनोहर सिंह और प्रांत में नया दायित्व लेने के लिए राजेश जी सेन का स्वागत संस्कार भारती के प्रांतीय अध्यक्ष जितेंद्र जालोरी ने किया व संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष परमानंद भट्ट ने किया।

वीरम मंच पर बहुत सारी तकनीकी समस्याएं के निवारण का निवेदन करने पर इस संबंध में जालोर विधायक एवं मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने मंच से घोषणा की कि आने वाले समय में दूर कर दिया जायेगा।

# कारोला में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



सांचौर विधानसभा क्षेत्र के कारोला ग्राम में चांद्रा माताजी मंदिर में भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के निमित्त सोमवार को सांचौर विधानसभा क्षेत्र के कारोला ग्राम में चांद्रा माताजी मंदिर में पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष अर्जुनसिंह सरवाणा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम प्रारंभ में भारत माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर, वंदे मातरम् सामूहिक गायन किया गया एवं उसके पश्चात स्वागत सत्कार किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी कठिन मार्गो पर चलकर यहां तक आई हैं, और सैकडों कार्यकर्ताओं ने उस पीड़ापूर्ण यात्रा को सम्पन्न किया है। कार्यकर्ताओं ने घर, परिवार को छोड, मां भारती की सेवा के लिए संकल्पित होकर, संगठन के सुदृढीकरण का कार्य करते रहे, जिसका परिणाम आज सशक्त भाजपा के रूप में दिखाई दे रहा है।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अर्जुनसिंह सरवाणा ने बताया की संगठन भाजपा केवल चुनावी पार्टी नहीं हैं, भाजपा की संगठनात्मक संरचना सतत कार्य करने वाली हैं, इसीलिए भाजपा कार्यकर्ता सदैव पूर्ण सक्रिय होकर, कार्य करता हैं।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह सरवाणा, गजेन्द्रसिंह कारोला, मंडल महामंत्री ईश्वरलाल मोदी, सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

**जोधपुर**, (नि.सं.)। केन्दीय संचार ब्यूरो, जोधपुर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द व राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धुन्धाड़ा परिसर के सभाकक्ष में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य की थीम पर प्रधानाचार्य रविन्दसिह राठौड़ ने माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और उनके जीवन को बेहतर बनाने पर पूर्णतया केंद्रत होने की बात कही।

इस अवसर पर विधालय की उप-प्रधानाचार्य रीना कन्जोईया ने बताया कि महिलाओं और शिशुओं दोनो के गर्भावस्था और प्रसवोत्तर देखभाल के महत्व पर महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र धुन्धाड़ा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रेम प्रकाश गीला ने बताया कि 07 अप्रेल का दिवस सम्पूर्ण विश्व में विश्व स्वास्थय दिवस के रूप में मनाया जाता हैं इस दिन को मनाने का उदेश्य वैश्विक स्तर पर स्वास्थय से जुड़े महत्तवपूर्ण तथ्यों और सेहत से जुड़े अधिकारो को ज्यादा से ज्यादा जागरूकता को बढ़ाना हैं। कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय संचार ब्यूरो, जोधपुर के. आर. सोनी ने किया। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं स्वास्थय विषय पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो, जोधपुर द्वारा मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी तथा जिसमें सफल प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## चेंडा से परिंडा अभियान शुरू

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री की अभिनव पहल के तहत सोमवार को रोहट के चेंडा में जिला स्तरीय परिंडा अभियान का आगाज जिला कलक्टर ने परिंडा लगाकर किया। कार्यक्रम साध्वी भगवती बाई एवं संस्था के निदेशक रघुनाथ राखी के सानिध्य में भगवान राजेश्वर आजंणी माता गुरूकुल नया चेण्डा में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में संस्था के प्रोफेसर महेन्द्रसिंह ने आये हुए अतिथियों का अपने उदबोधन द्वारा अपने स्वागत एवं गुरूकुल संस्था का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया।

सहायक निदेशक सोहनलाल ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ पाली जिले के 8 ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय 260, ग्राम पंचायत स्तर पर पीईईओ के द्वारा एवं 474 गांवों में संस्था प्रधान के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर 25000 परिण्डो का वितरण का परिण्डे अभियान के प्रथम चरण में लगाये गये। श्री भगवान राजेश्वर आजंणी माता गुरूकुल नया चेण्डा के द्वारा 1200 परिण्डो का वितरण एवं रोहट के 83 गांवों में परिण्डा अभियान की जन जागरूकता के लिये अतिथियों ने पोस्टर का विमोचन किया। रोहट क्षेत्र में परिण्डा अभियान में सहयोग करने वाले दिलीप सिंह चारण एवं दिलीप सिंह संदर्भ व्यक्ति का संस्था ने सम्मान किया।

पुलिस अधीक्षक पाली चुनाराम जाट एवं अतिथि के रूप में मोहनी देवी प्रधान पाली एवं रोहट प्रधान सुनिता कंवर, उपखण्ड अधिकारी पुरण प्रकाश स्वामी रोहट एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समठा शिक्षा चन्द्रप्रकाश जायसवाल कार्यक्रम में, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किशन सिंह राजपुरोहित सहायक निदेशक सोहन लाल भाटी, पीईईओ हरीश चौधरी ,सरपंच भगाराम पटेल जिला परिषद सदस्य हरिश चौधरी एवं ईश्वर सिंह महंत पदमाराम संत आदि मौजूद रहे।

# जिला परिषद् में साधारण सभा की विशेष बैठक हुई




जालोर जिला परिषद् की बैठक जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला परिषद जालोर की साधारण सभा की विशेष बैठक सोमवार को जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला परिषद सभा भवन में आयोजित की गई।

विशेष बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-चतुर्थ के तहत ऑल वेदर रोड़ कनेक्टिविटी के लिए डी.आर.आर.पी. केन्डीडेट रोड एवं सी.यू.सी.पी.एल. के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। बैठक में पेयजल व विद्युत संबंधित शिकायतों के निस्तारण एवं ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही पेयजल आपूर्ति को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत डी.आर., एफ.आर., ई.आर. सीलू-जैसला-भाटकी प्रोजेक्ट के तहत जल कनेक्शनों की प्रगति तथा जोड़े गए जल कनेक्शनों में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने, कनेक्शन जोड़ने की गति बढ़ाकर प्रत्येक घर को जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन से जोड़े जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश विश्नोई सहित जनप्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा केन्द्र में जनसुनवाई 9 को**

9 अप्रेल, बुधवार को प्रात: 10 बजे से सायंकाल 4.30 बजे तक ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा केन्द्र में अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह की भांति माह अप्रेल के द्वितीय गुरूवार 10 अप्रेल को ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई की जानी ह, किन्तु 10 से 14 अप्रेल तक राजकीय अवकाश होने के कारण अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई एक दिन पूर्व 9 अप्रेल, बुधवार को आयोजित की जायेगी जिसमें आमजन की परिवेदनाओं व समसयाओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जायेगा।

# सरकारी योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की

**जालोर**, (कासं)। जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार जालोर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को इनकी प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पेयजल एवं विद्युत विभाग के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के स्वी.त कार्यों के लिए नियमानुसार भूमि चिन्हीकरण एवं आवंटन कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण समाधान करें तथा शेष रहे प्रकरणों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज कर उनका जल्द निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की जावें।

इस अवसर पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधरसिंह सोढ़ा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

# उप कारागृह भीनमाल व सांचौर का निरीक्षण




जालोर के पास भीनमाल कारागृह का निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने सोमवार को उप कारागृह भीनमाल व सांचौर का निरीक्षण किया।

सचिव ने बताया कि राज्य प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विधिक सेवा के पात्र बंदियों के चयन को लेकर यह निरीक्षण किया गया। इस दौरान कारागृहों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन भी किया गया। उन्होंने बंदियों को उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि बंदियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने निशुल्क विधिक सहायता योजना की विस्तार से जानकारी दी एवं निशुल्क अधिवक्ता की सेवाएं प्राप्त करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी बताई एवं इसके लिए आवेदन पत्र भरने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बंदियों को कहा कि जिन बंदियों की पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं है वे उप कारापाल या पैनल अधिवक्ता, अधिकार मित्र को सूचित कर आवेदन पत्र तालुका विधिक विधिक सेवा समिति में जमा करवा सकते है।

इस दौरान उन्होंने उप कारापालों को निर्देश दिए कि जिन बंदियों की जमानत नहीं लगाई है या अपील नहीं की गई है उन बंदियों की जमानत व अपील के संबंध में कार्यवाही करवाए। इस दौरान सचिव ने बंदियों को यहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने बैरकों, रसोई घर का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने रानीवाडा स्थित आत्मानंद सेवा संस्थान की ओर से संचालित वात्सल्य चिल्ड्रन होम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रसोई घर, बालकों के रहने के कक्षों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने यहां रहने वाले बच्चों से गृह में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि तेज गर्मी के दौरान बालकों के खाने पीने का विशेष ध्यान रखा जावे।

# प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम का उद्घाटन समारोह हुआ

**जोधपुर**, (का.सं.)। फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई), जोधपुर में आज 'पुनर्वास महानिदेशालय (डी जी आर)' के तीन महीने के प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विकास कुमार (आई पी एस ), पुलिस महानिरीक्षक, जोधपुर रेंज और विशिष्ट अतिथि डॉ. राजीव अग्रवाल, क्लिनिकल डायरेक्टर फुट केयर उपस्थित रहे। यह विशेष पाठ्यक्रम भारतीय सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और रक्षा कर्मचारियों के लिए प्रारंभ किया गया है, जिससे वे सेवानिवृत्ति के बाद स्वरोजगार और उद्यिमता की दिशा में कदम बढ़ा सकें। अतिथियो एवं जवानों का स्वागत करते हुए कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार ने कहा की यह पहल हमारे जवानों को एक नया कौशल और आत्मनिर्भरता की ओर एक नई राह प्रदान करती है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बाकरारोड़ पंचायत समिति, जालोर**

क्रमांक/ग्रापं/मनरेगा/2025-26/01 दिनांक: 07/04/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26**

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बाकरारोड़ के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है । ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

NIB No. - ZJR2526A0044
UBN No. - ZJR2526GLOB00053

सरपंच/ प्रशासक, ग्राम पंचायत,बाकरारोड़, पंचायत समिति जालोर
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, बाकरारोड़, पंचायत समिति जालोर